भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1031 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

राष्ट्रीय जलमार्ग 4 हेतु विकास कार्य

† 1031. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय जलमार्ग-4 (रा.ज.-4) के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित विकास कार्यों, विशेषकर आंध्र प्रदेश के लिए, का ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय जलमार्ग-4 के चालू और विकासाधीन खंड की लंबाई कितनी है और राज्य-वार तथा विशेषकर आंध्र प्रदेश में चल रहे कार्यों की अपेक्षित पूर्णता तिथियां क्या हैं;

(ग) परियोजना की शुरुआत से लेकर अब तक राष्ट्रीय जलमार्ग-4 के विकास के लिए वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित और वितरित की गई है तथा अब तक कितनी भौतिक प्रगति हुई है;

(घ) राष्ट्रीय जलमार्ग-4 के लिए प्रस्तावित, निर्माणाधीन और पूर्णतः कार्यात्मक अन्य अवसंरचना जैसे जेटी, टर्मिनल और कार्गो हैंडलिंग सुविधाओं के ब्यौरे सहित इनकी वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ङ) कार्गो की मात्रा, यात्री आवागमन और जहाजों की वर्ष-वार संख्या सहित राष्ट्रीय जलमार्ग-4 के चालू खंड का उपयोग संबंधी डेटा क्या है; और

(च) क्या राष्ट्रीय जलमार्ग-4 के विकास और संचालन में किसी चुनौती का सामना करना पड़ा, यदि हां, तो उनके समाधान के लिए किए गए उपायो का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): आंध्र प्रदेश राज्य सहित राष्ट्रीय जलमार्ग-4 (रा.ज.-4) हेतु सरकार द्वारा यथा अनुमोदित विकास कार्यों का विवरण **अनुबंध-।** में दिया गया है।

(ख): रा.ज.-4 के प्रचालनरत और विकासाधीन जलखंड की लंबाई **अनुबंध-।।** में दी गई है। पूरे किए जाने की निर्धारित तिथि सहित चल रहे कार्यों का राज्य वार विवरण **अनुबंध-।** में दिया गया है।

(ग): रा.ज.-4 पर वास्तविक प्रगति सहित विभिन्न विकास कार्यों हेतु आवंटित निधियों का वर्ष-वार विवरण **अनुबंध-।।।** में दिया गया है।

(घ): अन्य अवसंरचना कार्यों का उनके पूरे किए जाने की तिथि और वास्तविक प्रगति सहित विवरण **अनुबंध-।** में दिया गया है।

(ङ): रा.ज.-4 पर गत पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) में कार्गो आवाजाही 41.18 एमएमटी है।

वित्तीय वर्ष	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
कार्गो आवाजाही (एमएमटी)	6.83	11.23	8.42	4.30	10.40

2025-26 के दौरान (अक्तूबर तक), राष्ट्रीय जलमार्ग-4 पर 14,53,227 यात्री दर्ज किए गए थे। इसके अतिरिक्त, 03.12.2025 की स्थिति के अनुसार, अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा जलयान और नाविक पोर्टल के रा.ज.-4 के लिए जलयानों सहित 740 जलयान पंजीकृत किए गए हैं।

(च): रा.ज.-4 के विकास और प्रचालन में आने वाली चुनौतियों में 06 वीयर, 28 बांध, 08 बैराज, नौचालन लॉक के बिना 14 चैकडेम और 114 ब्रिज शामिल हैं, जिनमें से 89 ब्रिज सुरक्षित नौचालन हेतु आईडब्ल्यूएआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते हैं। इन मुद्दों के समाधान करने संबंधी उपायों पर संबंधित राज्य सरकारों के साथ चर्चा की गई है।

अनुबंध-I

राज. - 4 पर वास्तविक प्रगति सहित अनुमोदित कार्यों का विवरण

क्रम सं.	कार्यों का विवरण	मूल्य (करोड़ रु. में)	राज्य	स्थिति/ टिप्पणियां
1.	रा.ज.-4 के लिए डीपीआर का अद्यतन	5.22	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, पुदुच्चेरी और छत्तीसगढ़	• वास्तविक प्रगति- 27% • जुलाई, 2026 तक पूरा होना।
2.	कृष्णा नदी में 3 स्टील पोंटून	8.08	तेलंगाना	• वास्तविक प्रगति- 49% • अप्रैल, 2026 तक पूरा किया जाना है।
3.	मुक्तयाला में बाउंड्री वॉल, रो-रो रैंप और अन्य सहायक इकाइयों का निर्माण	13.27	आंध्र प्रदेश	• वास्तविक प्रगति- 18% • जुलाई 2026 तक पूरा किया जाना है।
4.	हरिश्चन्द्रपुरम में बाउंड्री वॉल, रो-रो रैंप और अन्य सहायक इकाइयों का निर्माण	5.00	आंध्र प्रदेश	• वास्तविक प्रगति- 2% • जुलाई 2026 तक पूरा होना।
5.	गोदावरी नदी में 6 स्टील पोंटून	11.86	आंध्र प्रदेश	15.01.2026 तक कार्य प्रदान किया जाना है
	कुल	43.43		

<u>अनुबंध-II</u>

राज.-4 के प्रचालन/ विकासाधीन जलखंड

क्रम सं.	राज्य	नदी/नहर खंड	लंबाई (कि.मी. में)
1.	आंध्र प्रदेश	गोदावरी नदी भद्राचलम से पोलावरम	127
		पोलावरम से राजमुंदरी	44
		कृष्णा नदी वजीराबाद से पुलिचिंताला	86
		पुलीचिंतला से प्रकाशम बैराज	71
2.	तेलंगाना	पुलीचिंतला बांध से श्रीशैलम (कृष्णा नदी)	32*

** जुलाई 2026 तक चालू किया जाना है*

अनुबंध -III

राजभाषा.- 4 के लिए वर्षवार आवंटित निधि और संवितरण

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	आंकड़े (लाख रु. में)	वास्तविक प्रगति (प्रतिशत में)
1	2024-25	121.50	100
2	2023-24	67.26	100
3	2022-23	18.17	100
4	2021-22	307.85	100
5	2020-21	295.75	100
6	2019-20	441.24	100
7	2018-19	2079.91	100
8	2017-18	1478.05	100
9	2016-17	95.78	100
10	2015-16	256.97	100
11	2014-15	179.06	100
12	2013-14	85.30	100

*****